दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 38 अंक 51, पृष्ठ 12 ) शुक्रवार 20 जनवरी 2023 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www.naiduniaonline.com


**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 21.3° | ↓ 7.2° |
| इंदौर | ↑ 23.2° | ↓ 9.4° |
| ग्वालियर | ↑ 20.7° | ↓ 3.4° |
| जबलपुर | ↑ 21.9° | ↓ 7.0° |

सूर्योदय- 7.04 सूर्यास्त- 5.58



दर्द को दरकिनार कर जोकोविच... 11

प्रधानमंत्री ने मुम्बई में विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण, कहा...

# भारत आज बड़े सपने देखने और पूरा करने का साहस रखता है: मोदी

मुम्बई (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आजादी के बाद पहली बार आज भारत बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस कर रहा है तथा भारत को लेकर दुनिया में सकारात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल में एक विकसित भारत के निर्माण की जितनी उत्सुकता भारतीयों को है,उतना ही आशावाद भारत को लेकर दुनिया में दिख रहा है।**

प्रधानमंत्री मुम्बई में विकास की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर रेहड़ी पटरी वालों को वित्तीय सहायता की पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को धन दिये जाने की शुरुआत भी की।उन्होंने ने कहा कि आज हर किसी को लग रहा है कि भारत वह काम कर रहा है जो तेज विकास और समृद्धि के लिए जरूरी है। आज सबको लगता है कि भारत अपने सामर्थ्य का सदुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश भविष्योन्मुखी सोच और आधुनिक दृष्टिकोण से अपने भौतिक और सामाजिक अवसंरचना सुविधाओं पर खर्च कर रहा है। आज देश में उस तरह का आधुनिक अवसंरचनायें खड़ी हो रही हैं जिनकी पहले परिकल्पना नहीं की जाती थीं। उन्होंने कहा



कि भारत आज अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य में समृद्धि की संभावनाओं दोनों पर एक साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में हमारे शहरों की भूमिका सबसे अहम है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि आज देश में रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए मिशन मोड पर काम चल रहा है। इससे मुम्बई लोकल और महाराष्ट्र के रेल संपर्क सुविधाओं को भी फायदा हो रहा है।

रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट की तरह विकसित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुम्बई की आज शुरू की गयी परियोजनाओं में देश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में एक मुम्बई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का भी कायाकल्प होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम देश के शहरों के सम्पूर्ण कायाकल्प की परियोजनाओं ( शेष पेज 2 पर )



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मुम्बई में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद मेट्रो में सफर किया।

## वोट बैंक की राजनीति नहीं, विकास पर है हमारा ध्यान : पीएम

यादगीर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान केवल विकास पर है न कि वोट बैंक की राजनीति पर। उन्होंने ने यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि अगर देश का एक जिला भी विकास के मानकों पर पिछड़ जाता है, तो देश विकसित नहीं हो सकता। उत्तर कर्नाटक में यादगीर का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने विकास की राह में इस क्षेत्र के पिछड़ेपन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में क्षमता थी, लेकिन पिछली सरकारों ने यादगीर और ऐसे अन्य जिलों को पिछड़ा घोषित करके खुद को दोषमुक्त कर लिया था। उन्होंने उस समय को याद किया जब पुरानी सरकारें वोट बैंक की राजनीति में लिप्त थीं और बिजली, सड़क और पानी जैसे बुनियादी ढांचे पर ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सबसे पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान दिया और यादगीर सहित सौ आकांक्षी गांवों के अभियान की शुरुआत ( शेष पेज 2 पर )

# एक लाख रुपए होगा जिला पंचायत अध्यक्षों का मानदेय: चौहान

पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से जनता की सेवा का कीर्तिमान बनाएगा प्रदेश

भोपाल (काप्र)।



**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 5 फरवरी से प्रदेश में आरंभ हो रही विकास यात्रा, राज्य के नव निर्माण और विकास को नई गति तथा विश्वास प्रदान करेगी। जिला पंचायत अध्यक्षों सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि विकास और जन-कल्याण के इस अभियान में सहभागी हैं।**

हम प्रदेश की प्रगति और जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं और जिला पंचायत अध्यक्ष जन-कल्याण के इस अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राज्य शासन द्वारा जिला पंचायत अध्यक्षों को राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। पद के अनुसार प्रोटोकॉल के विधिवत पालन के लिए सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्षों के मानदेय और वाहन भत्ता आदि की राशि को बढ़ा कर एक लाख रूपये किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्वों पर जहाँ मंत्री नहीं जाएंगे वहाँ जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। श्री चौहान, प्रदेश के जिला पंचायत अध्यक्षों के संघ के कार्यक्रम को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे। सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, अध्यक्ष जिला पंचायत सागर हीरा सिंह राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना श्रीमती मीना राज परमार सहित विभिन्न जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-कल्याण की योजनाओं और विकास कार्यों के क्रियान्वयन में जिला पंचायत अध्यक्ष सशक्त माध्यम हैं, वे प्रदेश में विकास के कार्यों को भागीरथ बन कर आगे बढ़ाएँ। विकास गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग और गुणवत्ता पर सतत नजर रखना आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि राज्य शासन के कार्यों से जन-सामान्य में उत्साह, आनंद और सकारात्मकता का भाव विकसित हो। पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग और सक्रियता से राज्य सरकार जनता की सेवा और विकास का नया कीर्तिमान ( शेष पेज 2 पर )

# उत्तर भारत में अगले पांच दिन शीतलहर की संभावना नहीं : मौसम विभाग

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में गुरूवार को शीतलहर का प्रकोप रहा जबकि अगले पांच दिन शीतलहर चलने की संभावना नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, गुरूवार को दक्षिण हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग और बिहार के कुछ इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बना रहा। उत्तरी मध्यप्रदेश के कुछ भागों और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के दूरदराज के हिस्सों में न्यूनतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में शीतलहर की संभावना नहीं है। बयान में कहा गया कि एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 20 जनवरी की रात से 26 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और 23 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित कर सकता है। विभाग ने कहा कि इसके प्रभाव से, 20 से 22 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना ( शेष पेज 2 पर )

# खेल मंत्रालय के जवाब से संतुष्ट नहीं प्रदर्शनकारी पहलवान, कुश्ती संघ को भंग करने पर अड़े

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**खेल मंत्रालय केअधिकारियों और बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित चार पहलवानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच गुरुवार को हुई बैठक का कोई नतीजा नहीं निकला, क्योंकि प्रदर्शनकारी पहलवान प्रतिक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। यहां पत्रकारों से बात करते हुए बजरंग ने कहा कि उन्हें मंत्रालय से कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली और बृजभूषण शरण सिंह के नेतृत्व वाले भारतीय कुश्ती महासंघ के भंग होने तक विरोध जारी रहेगा।**

उन्होंने कहा कि हम न केवल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण का इस्तीफा चाहते हैं। हम महासंघ को भंग करने की भी मांग करते हैं। अगर केवल इस्तीफा दिया गया, तो यह अपने लोगों को फिर से बैठा लेंगे। 28 साल के बजरंग ने आगे कहा कि कुश्ती जगत के सभी लोग हमारे साथ बैठे हैं और हर कोई अपने भविष्य के लिए लड़ रहा है। ओलिंपिक पदक विजेता पहलवान ने कहा कि हमारे पास सबूत के साथ पांच से छह लड़कियां हैं, जो यौन उत्पीड़न मामले में डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को तैयार हैं। अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो हम पुलिस की मदद लेंगे और मुकदमा भी दर्ज कराएंगे । तीन बार की राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट ने खेल मंत्रालय की बैठक के बादकहा कि वे सिर्फ डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष का इस्तीफा नहीं बल्कि उनके खिलाफ कार्रवाई ( शेष पेज 2 पर )



## खिलाड़ियों को न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करूंगी : बबीता

राष्ट्रमंडल खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट और भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) नेता बबीता फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप के साथ धरना दे रहे पहलवानों को आश्वस्त किया है कि वह खिलाड़ियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों को सरकार के समक्ष उठाएंगी और न्याय दिलाने की हर संभव कोशिश करेंगी। पहलवानों के बीच गुरूवार को बबीता फोगाट पहुंची और कहा कि कुश्ती के इस मामले में मैं अपने सभी साथी खिलाड़ियो के साथ खड़ी हूं। मैं आप सबको विश्वास दिलाती हूं कि सरकार से हर स्तर पर इस विषय को उठाने का काम करूंगी और खिलाड़ियों के भावनाओं के अनुरूप ही आगे का भविष्य तय होगा।

## यौन-शोषण के आरोपों की गंभीर जांच जरूरी : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महिला पहलानों के कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा कोचों पर यौन शोषण के आरोपों को गंभीर बताते हुए कहा है कि इस मामले की जांच करके आरोपियों के विरुद्ध जरूरी कार्रवाई की जानी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया-हमारे खिलाड़ी देश की शान हैं। विश्व स्तर पर अपने प्रदर्शन से वे देश का मान बढ़ाते हैं। कुश्ती फेडरेशन व उसके अध्यक्ष पर खिलाड़ियों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन खिलाड़ियों की आवाज सुनी जानी चाहिए। आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर हमला किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर जवाब मांगते हुए कहा कुलदीप सेंगर, चिन्मयानंद, बाप-बेटे विनोद आर्य-पुलकित आर्य और अब यह नया मामला।

## आज लगेगा रोजगार मेला, मोदी 71 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जनवरी को 71 हजार युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र देंगे। इन सभी युवाओं की %रोजगार मेला% के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि पीएम मोदी शुक्रवार सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। जानकारी के मुताबिक, देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी जाएगी।

# बीबीसी वृत्तचित्र भारत विरोधी दुष्प्रचार, एजेंडा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली( एजेंसी )। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ( बीबीसी ) द्वारा दो दशक पुराने गुजरात के दंगों को लेकर एक वृत्तचित्र का प्रसारण करने जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री एवं राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनसंहार का दोषी ठहराये जाने को भारत ने तथ्यहीन दुष्प्रचार एवं किसी खास उद्देश्य से चलाया जा रहा एजेंडा करार दिया है।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग के दौरान इस बारे में पूछे गये कुछ सवालों के जवाब में कहा कि चूंकि बीबीसी का यह वृत्तचित्र भारत में प्रसारित नहीं किया गया है। इसलिए मैं जो कुछ भी मैंने सुना एवं मेरे साथियों ने देखा, उसी संदर्भ में टिप्पणी करुंगा। मैं स्पष्ट करना चाहूँगा कि हमारी समझ से यह एक दुष्प्रचार है जिसे एक खास मिथ्या धारणा को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। पक्षपात एवं तथ्यहीनता और औपनिवेशिक मानसिकता इसमें खुल कर दिखायी देता है। इससे साफ जाहिर है कि यह फिल्म या वृत्तचित्र जो भी है, इससे जुड़े संगठन एवं व्यक्तिय उक्त खास धारणा को बार बार स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं।

हमें हैरानी है कि इसका मकसद और एजेंडा क्या है और साफ कहें तो हम ऐसे कार्यों को कोई गरिमा नहीं देना चाहते हैं। एक रिपोर्ट के हवाले में इस वृत्तचित्र को लेकर एक आतंरिक संचार में ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री की टिप्पणी के बारे में एक और सवाल पूछे जाने पर श्री बागची ने कहा कि वह आंतरिक संचार के बारे में कुछ नहीं कहेंगे क्योंकि यह ब्रिटेन का आंतरिक मामला है। यह रिपोर्ट भी 20 साल पुरानी है और इसमें औपनिवेशिक मानसिकता ( शेष पेज 2 पर )

## लखीमपुर खीरी हिंसाः सुप्रीम कोर्ट ने आशीष की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 के उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी किसान आंदोलन के दौरान हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे. के. महेश्वरी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले की सुनवाई पूरी होने में पांच साल लग सकते हैं। इस हालात में अभियुक्तों को अनिश्चितकाल के लिए कैद नहीं किया जा सकता है। पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद, याचिकाकर्ता आशीष मिश्रा का पक्ष वरिष्ठ मुकुल रोहतगी, जबकि पीड़ित किसानों में से एक शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने दलीलें दीं। सुश्री प्रसाद और श्री दवे ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। सुश्री प्रसाद ने कहा कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है। इस मामले में जमानत दिए जाने से गलत संदेश जाएगा।

# आईटी नियमों में संशोधन सोशल मीडिया की आजादी पर हमला : कांग्रेस

**नई दिल्ली( एजेंसी )। कांग्रेस ने सूचना तकनीकि के नियमों में संशोधनों को सोशल मीडिया में अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला बताते हुए गुरुवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि संशोधनों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने आईटी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 में संशोधन के मसौदे के लिए परामर्श अवधि को आगामी 25 जनवरी तक बढ़ाते हुए इसमें चालाकी से एक प्रावधान जोड़ा है।

इस प्रावधान के माध्यम से सत्ता के अहंकार में चूर मोदी सरकार सोशल मीडिया पर लगाम लगाने के लिए तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि इस नियम के अनुसार कोई भी समाचार रिपोर्ट जिसे सरकार के पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की %फैक्ट चेकिंग यूनिट% द्वारा %झूठ, बेबुनियाद या नकली% माना जाएगा उस रिपोर्ट को सरकार सोशल मीडिया, ऑनलाइन वेबसाइटों और ओटीटी प्लेटफार्मों से हटा सकती है। इसका ( शेष पेज 2 पर )

# जैश के दोषियों की अपील पर दिल्ली हाईकोर्ट ने एनआईए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली( एजेंसी )। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए ) को नोटिस जारी किया और जैश-ए-मोहम्मद ( जेईएम ) साजिश मामले में दोषियों द्वारा दायर अपील पर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।**

पिछले साल 28 नवंबर को विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने सज्जाद अहमद खान, बिलाल अहमद मीर, मुजफ्फर अहमद भट, इशफाक अहमद भट और मेहराज-उद-दीन चोपन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तनवीर अहमद गनी को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और तलवंत सिंह की खंडपीठ ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च को सूचीबद्ध किया। दोषियों का प्रतिनिधित्व करते हुए वकील ने अदालत से कहा कि वर्तमान में जिस अपील पर विचार किया जा रहा है, वह उन्हें आजीवन कारावास की सजा देने के एनआईए अदालत के फैसले पर केवल पहली अपील ( शेष पेज 2 पर )

## धनबाद का झरिया बम धमाकों और गोलियों से दहला

**धनबाद ( एजेंसी )।** धनबाद का झरिया कोयलांचल गुरुवार को बमों के धमाके और गोलियों की आवाज से दहल उठा। तलवारें चमकीं, लाठियां बरसीं और पत्थर भी चले। लगभग एक दर्जन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। यहां की सियासत से लेकर कोयले के कारोबार तक में दखल रखने वाले दो घरानों सिंह मैंशन और रघुकुल के बीच वर्चस्व की लड़ाई में दोनों पक्ष के समर्थकों के बीच जमकर संघर्ष हुआ।

आधा दर्जन घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। बाद में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कई बम, गोलियों के खोखे और तलवार और अन्य सामान बरामद किए हैं। सिंह मैंशन और रघुकुल आज की तारीख में अलग-अलग घराने के तौर पर जाने जाते हैं, लेकिन ये दोनों धनबाद में लंबे वक्त तक माफिया राज के पर्याय रहे सूरजदेव सिंह के परिवार के ही हिस्सा हैं। सूरजदेव सिंह के निधन के कुछ साल बाद ही यह परिवार साफ-साफ दो घरों में बंट गया और इसके साथ ही उनमें ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** गूगल पर जुर्माना,सुप्रीम कोर्ट का ...

# सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गूगल को झटका देते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।**



याचिका में तकनीकी दिग्गज पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने एनसीएलएटी के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए इसे 31 मार्च तक गूगल की अपील का निपटान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि मेरिट के आधार पर इस अदालत की कोई भी राय एनसीएलएटी के समक्ष मामले को प्रभावित करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सीसीआई के आदेश के अनुपालन की अवधि और एक सप्ताह के लिए बढ़ाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट 11 जनवरी को एनसीएलएटी के एक फैसले के खिलाफ गूगल की अपील पर विचार करने को सहमत हो गया था। जिसमें सीसीआई द्वारा कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के लिए उस पर लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुर्माने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। एनसीएलएटी में झटका लगने के बाद गूगल ने शीर्ष अदालत का रुख किया, जिसने एंड्रॉइड मोबाइल डिवाइस इकोसिस्टम मामले में कई बाजारों में प्रमुख स्थिति के दुरुपयोग पर सीसीआई के आदेश पर रोक नहीं ( शेष पेज 2 पर )

## राखी सावंत को अंबोली पुलिस ने हिरासत में

**मुंबई ( एजेंसी )।** अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा की शिकायत पर राखी सावंत को अंबोली पुलिस ने हिरासत में लिया है। शर्लिन ने आरोप लगाया कि राखी उसे बदनाम कर रही थीं और उसके अश्लील वीडियो और तस्वीरें ऑनलाइन प्रसारित कर रही थीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वह आज अपनी डांस एकेडमी लॉन्च करने वाली थीं, हालांकि शर्लिन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के चलते अब उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शर्लिन ने अपने ट्वीट में दावा किया है कि राखी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने यह भी कहा कि उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी गई है। शर्लिन ने ट्वीट किया कि अम्बोली पुलिस ने एफआईआर 883/2022 के संबंध में राखी सावंत को गिरफ्तार किया है। कल, राखी सावंत के एबीए 1870/2022 को मुंबई सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था। उनके पोस्ट के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अपने रिएक्शन शेयर किए। पिछले साल भी शर्लिन ने राखी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले राखी सावंत ने मीडिया को बताया कि शर्लिन एक %पॉर्न स्टार% हैं और उन्होंने उनकी तस्वीरें और वीडियो दिखाए।